# जी0बी0 पन्त,
# उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान, नैनीताल



# वार्षिक प्रतिवेदन

## 2018–2019

G. B. PANT HIGH ALTITUDE NAINITAL ZOO
जी0 बी0 पन्त उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान नैनीताल

# अनुक्रमणिका


| क्र0सं0 | विवरण | पेज सं0 |
|---|---|---|
| 1. | आमुख | 03 |
| 2. | प्रस्तावना | 04 |
| 3. | एक नजर / Vision | 04 |
| 4. | विशेष कार्य / Mission | 04 |
| 5. | उद्‌देश्य / Objective | 05 |
| 6. | प्राणी उद्यान का विवरण | 05–06 |
| 7. | संगठनात्मक चार्ट | 07 |
| 8. | मानव संसाधन | 07–08 |
| 9. | प्राणी उद्यान प्रबन्ध/ सलाहाकर समिति | 08–09 |
| 10. | वन्य प्राणी स्वास्थ्य सलाहाकार समिति | 09 |
| 11. | लेखा अनुभाग | 10–13 |
| 12. | वन्य प्राणियों के प्रतिदिन दिये जाने वाले आहार का विवरण | 13–14 |
| 13. | टीकाकरण एवं स्वास्थ्य रक्षा | 15 |
| 14. | वन्य प्राणियों की कृमिनाशक दवापान सूची | 15 |
| 15. | कीटाणुशोधन अनूसूची | 15 |
| 16. | जूनोटिक बीमारी के लिए कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच | 16 |
| 17. | बाड़ों का समृद्धिकरण | 16–17 |
| 18. | शिक्षा, प्रशिक्षण, अनुसंधान | 17–18 |
| 19. | विशेष एवं महत्वपूर्ण कार्यक्रम | 18–20 |
| 20. | वन्य प्राणियों के रखरखाव के लिए ऋतुवार विशेष व्यवस्था | 20–21 |
| 21. | शोध कार्य | 21 |
| 22. | संरक्षण एवं प्रजनन कार्यक्रम | 21 |
| 23. | वन्य प्राणियों का विनिमयीकरण | 21 |
| 24. | बचाव एवं पुर्नवास | 21–22 |
| 25. | वन्य प्राणी वार्षिक उपलब्धता सूची | 22–23 |
| 26. | वन्य प्राणियों की मृत्यु दर | 23 |
| 28. | मुक्त वन्य प्राणियों की सूची | 23 |

# आमुख

जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान, नैनीताल के वर्ष 2018–19 के वार्षिक प्रतिवेदन को प्रस्तुत करते हुए मुझे अत्यधिक हर्ष हो रहा है। सरोवर नगरी नैनीताल के प्रमुख दर्शनीय स्थलों में से एक नैनीताल प्राणी उद्यान का प्रमुख उद्देश्य संकटग्रस्त वन्य जीवों का संरक्षण, वन्य जीवों के बारे में जागरूकता फैलाने और उनके संरक्षण की जरूरतों, संरक्षण के लक्ष्यों को प्राप्त करने हेतु अनुसंधान एवं आगन्तुकों को आनन्दमय एवं रोमांचक अनुभव प्रदान करना है। तल्लीताल स्थित शेर का डांडा पहाड़ी पर लगभग 4.592 हेक्टेयर में फैला हुआ नैनीताल प्राणी उद्यान पर्यटकों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र है। बांज प्रजाति के सदाबहार जंगलों से घिरा हुआ यह उद्यान उच्च हिमालयी वन्य जीवों के संरक्षण में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। वर्तमान में, नैनीताल प्राणी उद्यान में 14 स्तनधारी, 20 फीजैन्ट एवं अन्य पक्षियों की प्रजातियां हैं, जो आगन्तुकों के आकर्षण का मुख्य केन्द्र हैं। वर्ष 2018–19 में कुल 2,62,375 पर्यटकों ने नैनीताल प्राणी उद्यान का भ्रमण किया।

नैनीताल प्राणी उद्यान पर्यावरण एवं जैव विविधता के संरक्षण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देता है। वर्ष 2018–19 में छात्रों एवं जनसाधारण में पर्यावरण एवं वन्य जीवन के प्रति स्नेह तथा जागरूकता उत्पन्न करने हेतु पर्यावरण दिवस, ओजोन परत संरक्षण दिवस एवं वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इसके अतिरिक्त नैनीताल प्राणी उद्यान वन्य जीवों के बचाव कार्य में सराहनीय कार्य कर रहा है। वर्ष 2018–19 में विभिन्न स्थानों से अनेक वन्य जीवों का बचाव एवं पुर्नवास किया गया। वन्य जीव अंगीकरण योजना के अन्तर्गत इस वर्ष कुल 27 व्यक्तियों/संस्थाओं ने प्राणी उद्यान के वन्य प्राणियों को अंगीकृत किया। केन्द्रीय चिड़ियाघर प्राधिकरण द्वारा आयोजित विभिन्न प्रशिक्षण कार्यक्रमों में प्राणी उद्यान के कर्मचारियों एवं अधिकारियों ने प्रतिभाग कर प्रशिक्षण प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त नैनीताल प्राणी उद्यान में शिक्षा एवं अनुसंधान के क्षेत्र में भी सराहनीय कार्य किया जा रहा है।

वर्ष 2018–19 के वार्षिक प्रतिवेदन का प्रकाशन नैनीताल प्राणी उद्यान के विभिन्न क्रिया कलापों की जानकारी हेतु किया जा रहा है। इसके लिए मैं सम्पूर्ण प्राणी उद्यान प्रबन्धन दल को हार्दिक बधाई देता हूँ और नैनीताल प्राणी उद्यान के समग्र विकास हेतु उनके सहयोग की कामना करता हूँ।

**बीजूलाल टी0आर0**
IFS,निदेशक
जी0बी0 पन्त,
उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान,
नैनीताल

## प्रस्तावना

प्राकृतिक सौन्दर्य एवं बहुमूल्य विरासत युक्त उत्तराखण्ड के लगभग 65 प्रतिशत भू–भाग पर वन स्थित हैं। जैव विविधता की दृष्टि से अत्यन्त समृद्ध, इस प्रदेश में बर्फीले पहाड़ों से लेकर अल्पाइन के घास के मैदान एवं तराई के घने वनों में उपलब्ध विविध प्रकार की वनस्पतियां एवं पशु पक्षियों की विविधता अद्वितीय हैं। उत्तराखण्ड में 18 प्रतिशत भू–भाग पर वन्य जीवों तथा उनके वास स्थलों के रूप राष्ट्रीय पार्क, वन्य जीव अभ्यारण्य तथा बायोस्फियर रिजर्व संरक्षित क्षेत्र बनाये गये है। मोनाल तथा कस्तूरा मृग उत्तराखण्ड के प्रतीक चिन्हों में से है। पर्वतीय क्षेत्रों की जैव विविधता एवं यहां में पाए जाने वाले वन्य प्राणियों के संरक्षण के उद्देश्य से उत्तर प्रदेश शासन द्वारा वर्ष 1980 में नैनीताल में उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान की स्थापना हेतु शासनादेश जारी किया गया। इस प्रकार जी0बी0 पन्तउच्च स्थलीय प्राणी उद्यान का निर्माण कार्य वर्ष 1984 से प्रारम्भ किया गया।

अर्न्तराष्ट्रीय पर्यटन मानचित्र में नैनीताल का प्रमुख स्थान है। वर्तमान में नैनीताल प्राणी उद्यान शिक्षा, शोध एवं पर्यटन स्थल के रूप में अपनी पहचान स्थापित कर चुका है। उत्तराखण्ड के इस एक मात्र प्राणी उद्यान का शुभारम्भ दिनांक 01 जून, 1995 को किया गया। तब से वर्तमान तक नैनीताल प्राणी उद्यान उत्तराखण्ड के विभिन्न क्षेत्रों में पाए जाने वाले असहाय एवं घायल वन्य प्राणियों एवं मानव भक्षी/पशु भक्षी गुलदार तथा बाघ को आवश्यक उपचार देने के उपरान्त पुनर्वासति करने में प्रमुख भूमिका निभा रहा है। दिनांक 01 मार्च, 2002 मो प्राणी उद्यान के प्रबन्ध, रखरखाव तथा आकस्मिक कार्यो के वहन हेतु आर्थिक रूप से सुदृढ़ करने के उद्देश्य से सोसाइटीज एक्ट 1860 तथा उत्तर प्रदेश सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1975 के अनुसार इसका पंजीकरण प्रबन्ध सोसाइटी के रूप में किया गया।

वर्तमान परिवेश में जब कि सम्पूर्ण विश्व में वनों एवं वन्यजीवों के महत्व को मानव सभ्यता हेतु आवश्यक माना जा रहा है। पर्यावरण संतुलन में इस धरती पर मौजूद प्रत्येक प्राणी का अपना महत्व एवं योगदान है। इसके बिना हम सम्पूर्ण सभ्यता की परिकल्पना नहीं कर सकते हैं।

**एक नजर/Vision** :– संरक्षण–संवर्धन देखभाल शिक्षा एवं शोध अध्ययन द्वारा वन्य जीवों का परिरक्षण किया जाना।

**विशेष कार्य/Mission** :– वन्य जीवों को सुरक्षित करने हेतु संरक्षित प्रजनन, शिक्षा एवं प्रेरणादायक कार्यों हेतु सचल केन्द्र का निर्माण किया जाना।

## उद्देश्य/Objective :–

1. उच्च स्थलीय वन्य जीवों का सतत संग्रहण करना।
2. विलुप्त प्राय प्राणियों एवं वनस्पतियों का संरक्षण एवं संवर्धन।
3. पशु–पालन में श्रेष्ठ कार्य करना।
4. कर्मचारियों एवं पर्यटकों का सुविधा एवं समृद्वि सुनिश्चित करना।
5. प्राणी उद्यान स्वयं सेवियों के शिक्षात्मक कार्यक्रमों को आयोजित करवाना।
6. वन्य प्राणियों के बचाव कार्य एवं पुनर्वास के साथ–साथ उनके उत्तरजीविता को बनाये रखना।
7. प्राणी उद्यान स्थित वन्य जीवों के प्रबन्धन हेतु विभिन्न शोध अध्ययन जानकारियों तथा शिक्षा की आधारभूत व्यवस्था करना।
8. परिस्थितियों पर्यटन को प्रोत्साहन एवं स्थानीय जन को आजीविका का मौका देना।
9. उच्च स्तरीय स्वच्छता तथा जन–जागरूकता को बनाये रखना।

## सिद्वान्त/Principle :–


1. संरक्षण
2. देख–रेख
3. स्वच्छता
4. संरक्षित प्रजनन
5. सुविधा

## प्राणी उद्यान का विवरण :–

| क्र0 सं0 | विवरण | | सूचना/जानकारी |
|---|---|---|---|
| 1. | प्राणी उद्यान का नाम | – | जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान, नैनीताल |
| 2. | स्थापना वर्ष | – | 01 जून 1995 |
| 3. | पता | – | अपर डांडा, तल्लीताल, नैनीताल – 263002 |
| 4. | राज्य | – | उत्तराखण्ड |
| 5. | फोन नं0 | – | 05942–237927 |
| 6. | फैक्स नं0 | – | – |
| 7. | ई–मेल | – | naintailzoouk@gmail.com |
| 8. | बेबसाईट | – | www.nainitalzoo.org.in |
| 9. | दूरी | – | वायु मार्ग द्वारा :– निकटतम हवाई अड्डा पन्तनगर से 65 किमी0 सड़क मार्ग द्वारा नैनीताल तक। |
| | | | रेल मार्ग द्वारा :– काठगोदाम रेलवे स्टेशन से 40 किमी0 सड़क मार्ग द्वारा नैनीताल तक। |
| | | | तल्लीताल बस स्टैण्ड से दूरी :–02 किमी0 |
| 10. | वैधता | – | – |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 11. | वर्ग | — | Small Zoo |
| 12. | क्षेत्रफल विवरण | — | 4.592 हेक्टेयर |
| 13. | पर्यटको की सं0 | — | **वयस्क** :— 219507 |
| | | | **बच्चे** :— 40901 |
| | | | **वरिष्ठ नागरिक/दिव्यांग जन :—** 1783 |
| | | | **कुल भारतीय** :— 262191 |
| | | | **कुल विदेशी** :— 184 |
| | | | **कुल पर्यटकों की सं0** :— 262375 |
| 14. | पर्यटकों हेतु सार्वजनिक सुविधाऐं | — | • सोवेनियर शॉप<br>• यात्री सामान घर (प्रवेश द्वार के पास)<br>• दिशा निर्देश नक्शा<br>• जलपान गृह<br>• प्राथमिक उपचार<br>• विश्राम स्थल<br>• शुद्ध जल हेतु R.O. सिस्टम<br>• स्वच्छ एवं सुगम शौचालय<br>• कूड़ेदान |
| 15. | साप्ताहिक अवकाश | — | वृहस्पतिवार |
| | **प्राणी उद्यान प्रबन्धन अधिकारी/कर्मचारी** | | |
| 16. | निदेशक | — | श्री बीजूलाल टी0आर0 |
| | वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी | — | डॉ0 योगेश भारद्वाज |
| | वन क्षेत्राधिकारी | — | श्रीमती ममता चन्द |
| | बायोलॉजिस्ट | — | श्रीमती रेखा सुयाल |
| | सिस्टम एनालिस्ट | — | श्री आनन्द सिंह |
| | कम्प्यूटर ऑपरेटर | — | श्री रमेश सिंह |
| | फार्मासिस्ट | — | श्री विक्रम सिंह मेहरा |
| | **स्वामित्व/संचालक** | | |
| 17. | संचालक का नाम | — | निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल |
| 18. | पता | — | अपर डांडा, तल्लीताल, नैनीताल — 263002 |
| 19. | फोन नं0 | — | 05942—237927 |
| 20. | ई—मेल | — | naintailzoouk@gmail.com |

**प्राणी उद्यान का संगठनात्मक चार्ट :–**




**मानव संसाधन :–**

प्राणी उद्यान में वन्य जीवों के रखरखाव, व्यवस्था, प्रबन्धन एवं अनुरक्षण कार्यो हेतु निम्नानुसार स्टाफ तैनात हैः–

| क्र0सं0 | पदनाम | संख्या | पदस्थ अधिकारी |
|---|---|---|---|
| 1. | निदेशक | 01 | श्री बीजूलाल टी0आर0 |
| 2. | उप निदेशक | 01 | श्री दिनकर तिवाड़ी |
| 3. | वरिष्ठ पशु चिकित्साधिकारी | 02 | डॉ0 योगेश भारद्वाज, डॉ0 हिमांशु पांगती |
| 4. | वन क्षेत्राधिकारी | 01 | श्रीमती ममता चन्द |
| 5. | उप वनक्षेत्राधिकारी | 01 | श्री दीपक कुमार तिवारी |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 6. | वन दरोगा | 03 | श्री धरम सिंह बोनाल, श्री महेश बोरा, श्री पुष्कर सिंह मेहरा |
| 7. | वन रक्षक | 03 | श्री खजान चन्द्र मिश्रा, श्री राजेन्द्र कुमार जोशी, श्री ललित मोहन पाण्डे |
| 8. | क्लीनर | 01 | श्री मंगल सिंह कार्की |
| 9. | अर्दली | 01 | श्रीमती विमला बिष्ट |
| 10. | बायोलॉजिस्ट | 01 | श्रीमती रेखा सुयाल |
| 11. | सिस्टम एनालिस्ट | 01 | श्री आनन्द सिंह |
| 12. | कम्प्यूटर ऑपरेटर | 01 | श्री रमेश सिंह |
| 13. | फार्मासिस्ट | 01 | श्री विक्रम सिंह मेहरा |
| 14. | कीपर | 13 | – |
| 15. | रसोइया | 01 | श्री शिव बहादुर |
| 16. | भोजन वितरक | 01 | श्री टस बहादुर |
| 17. | वाहन चालक | 01 | श्री सूरज नयाल, श्री कमल पलड़िया |
| 18. | सुरक्षा कर्मी एवं श्रमिक | 11 | – |
| **कुल** | | **45** | |

## प्राणी उद्यान प्रबन्धन :–

दिनांक 01 मार्च 2002 को प्राणी उद्यान के प्रबन्ध, रखरखाव तथा आकस्मिक कार्यों के वहन को सुदृढ़ करने के उद्‌देश्य से सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1860 तथा उ0प्र0 सोसाइटीज रजिस्ट्रेशन एक्ट 1975 के अनुसार इसका पंजीकरण प्रबन्ध सोसाइटी के रूप में किया गया।

जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान के कुशल संचालन एवं आय के विभिन्न श्रोतों के सृजन तथा विभिन्न व्ययों हेतु जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान प्रबन्ध समिति का गठन किया गया।

## प्रबन्ध समिति :–

शासनादेश संख्या–3500/1–व.ग्रा.वि./2001–8 (75)/2001 दिनांक 04–12–2001 के अनुसार नैनीताल प्राणी उद्यान का नाम अब पं0 गोविन्द बल्लभ पंत, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान प्रबन्ध सोसाइटी, नैनीताल है। नैनीताल प्राणी उद्यान की प्रबन्ध समिति के निम्नलिखित सदस्य हैं :–

- वन सचिव, उत्तराखण्ड शासन – अध्यक्ष
- मुख्य वन संरक्षक, (कुमाऊँ), उत्तराखण्ड, नैनीताल – उपाध्यक्ष
- मुख्य वन्य जीव प्रतिपालक,उत्तराखण्ड, देहरादून – सदस्य
- प्रबन्ध निदेशक, उत्तराखण्ड वन विकास निगम, देहरादून– सदस्य
- वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, नैनीताल – सदस्य

- निदेशक, जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान प्रबन्ध सोसाइटी, नैनीताल – सदस्य सचिव
- प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल – कोषाध्यक्ष
- जिलाधिकारी, नैनीताल – सदस्य
- वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, नैनीताल – सदस्य
- अध्यक्ष, होटल एसोसियेशन, नैनीताल – सदस्य
- मैनेजर, लीड बैंक, बैंक ऑफ बड़ौदा, नैनीताल – सदस्य
- अध्यक्ष, नगरपालिका परिषद, नैनीताल – सदस्य
- अपर निदेशक, पशुपालन विभाग – सदस्य

## वन्य प्राणी स्वास्थ्य सलाहकार समिति :–

वर्ष 2018–19 में वन्य प्राणी स्वास्थ्य सलाहकार समिति की बैठक अपरिहार्य कारणों से आयोजित नहीं की जा सकी, एवं वर्ष 2017–18 की बैठक में दिये गये दिशा निर्देशों का पालन करते हुए समस्त वन्य जीवों के स्वास्थ्य तथा उनके सम्बन्ध में उपचार, प्रयोगशाला जांच, खाद्यय पूरक एवं बाड़ों के समृद्धिकरण व रखरखाव के कार्यो को संचालित किया गया।

# लेखा अनुभाग :–

नैनीताल प्राणी उद्यान में वर्ष 2018-19 में हुई आय एवं व्यय का ऑडिट चार्टेड एकाउण्टेन्ट नैनीताल द्वारा करवाया गया और ऑडिट रिर्पोट की एक प्रति आयकर विभाग को प्रेषित की गयी है। जिसका विवरण निम्न प्रकार है:–

## नैनीताल प्राणी उद्यान का 31 मार्च 2019 तक का वित्तीय स्थिति विवरण

**Pandit Govind Ballabh Pant Ucch Sthaliya Prani Udyan Society**
**Upper Danda House, Tallital**
**Nainital, Uttarakhand - 263002**
**Balance Sheet as at 31st March 2019**

| Liabilities | | Amount (Rs.) | Assets | | Amount (Rs) |
|---|---|---|---|---|---|
| **Society Fund** | | | **Fixed Assets** | | |
| Opening Balance | | 2,12,74,034.00 | Against Grants | (A) | **76,89,935.00** |
| (Deficit during the Year) | | (64,72,557.00) | | | |
| | (A) | **1,48,01,477.00** | Against Own Fund | | 1,14,02,071.00 |
| **Reserve & Surplus** | | | Add: Addition | | 10,07,539.00 |
| Dep. Reserve Fund Own Assets | | | | (B) | **1,24,09,610.00** |
| Opening Balance | | 42,53,856.00 | **Investment** | | |
| Transfer during the year | | 10,05,304.00 | FDR- S.B.I Nainital | | 63,62,091.00 |
| | (B) | **52,59,160.00** | Recurring Deposits | | 80,000.00 |
| | | | | (C) | **64,42,091.00** |
| **Deferred Government Grants** | | | **Current Assets, Loans & Advances** | | |
| Against Fixed Assets | | 76,89,935.00 | Tax deducted at Source | | 2,83,637.00 |
| T.C.S. | | 81.00 | T.C.S | | 81.00 |
| | (C) | **76,90,016.00** | Sundry Debtors | | 1,200.00 |
| **Unutilized Grants** | | | Advances | | 1,674.00 |
| Central Zoo Authority | | 7,37,836.00 | Nature Shop-Stock in Hand | | 3,20,250.00 |
| Adoption of Animals | | 3,26,370.00 | | (D) | **6,06,842.00** |
| B.C.R.L.I.P. Project | | 2,49,257.00 | **Cash & Cash Equivalents** | | |
| F.T.I. Haldwani | | 22,440.00 | Cash in Hand | | 2,55,600.00 |
| Training Program-ERDA | | 1,92,315.00 | Cash at Bank (S.B.I. A/c) | | 49,43,573.00 |
| Grant from State Govt. | (D) | 30,00,061.00 | | (E) | **51,99,173.00** |
| | | **45,28,279.00** | | | |
| **Current Liabilities** | | | | | |
| G.S.T Payable | (E) | **68,719.00** | | | |
| **TOTAL** | **(A to E)** | **3,23,47,651.00** | **TOTAL** | **(A to E)** | **3,23,47,651.00** |

Notes on accounts are the integral part of the final accounts

As per our report of even date annexed

For & on behalf of
**PAVAN NATH & ASSOCIATES**
Chartered Accountants
ICAI Firm Reg. No 014885C

Pavan Kumar Nath
Proprietor
M. No. 077997

Pavan Nath & Associates Chartered Accountants NAINITAL

Date: 16 AUG 2019
Place: Nainital

## नैनीताल प्राणी उद्यान में 31 मार्च 2019 मार्च तक हुई प्राप्ति एवं भुगतान का विवरण :–

**Pandit Govind Ballabh Pant Ucch Sthaliya Prani Udyan Society**
**Upper Danda House, Tallital**
**Nainital, Uttarakhand - 263002**
**Receipt & Payment Account for the year ended 31st March 2019**

| Receipts | | Amount (₹) | Payments | | Amount (₹) |
|---|---|---|---|---|---|
| BY | | | TO | | |
| **Opening Balance** | | | **Grant In Aid Utilized** | | |
| FDR - S.B.I Nainital | | 57,27,840.00 | (as per Annexure I) | (A) | 65,34,936.00 |
| Cash-in-Hand | | 3,57,750.00 | | | |
| Bank | | 1,37,43,580.00 | **Cash Outflow - Own Sources** | | |
| | (A) | 1,98,29,170.00 | As per Income & Exp A/c | (B) | 3,99,85,913.00 |
| **Grant-in-Aid Received** | | | | | |
| (as per Annexure I) | | 47,03,200.00 | **Addition in Fixed Assets** | (C) | 10,07,539.00 |
| Interest on Grant | | 56,932.00 | | | |
| | (B) | 47,60,132.00 | **Closing Balance** | | |
| **Cash Inflow From Own Sources** | | | Tax deducted at Source | | 68,866.00 |
| Entry Fee -Zoo | | 2,41,20,272.00 | T.D.S Previous years | | 3,25,944.00 |
| Entry Fee-Him Botanical Garden | | 19,92,300.00 | FDR - S.B.I Nainital | | 63,62,091.00 |
| Tender Fee | | 6,653.00 | Cash-in-Hand | | 2,55,600.00 |
| Canteen Income | | 18,69,853.00 | Cash at Bank | | 49,43,573.00 |
| Other Income | | 1,98,676.00 | | (D) | 1,19,56,074.00 |
| Sariataal Waterfall | | 53,54,428.00 | | | |
| Income from Nature Shop | | 2,28,644.00 | | | |
| | (C) | 3,37,70,826.00 | | | |
| **Cash Inflow -Investment** | | | | | |
| Interest on S.B. A/c | | 2,45,734.00 | | | |
| Interest on Fixed deposits | | 6,34,251.00 | | | |
| | (D) | 8,79,985.00 | | | |
| Income tax Refund | (E) | 1,75,630.00 | | | |
| **Current Liabilities** | | | | | |
| G.S.T Payable | (F) | 68,719.00 | | | |
| **Total** | (A-F) | 5,94,84,462.00 | **Total** | (A-D) | 5,94,84,462.00 |

Notes on accounts are the integral part of the final accounts

As per our report of even date annexed

For & on behalf of
**PAVAN NATH & ASSOCIATES**
Chartered Accountants
ICAI Firm Reg. No 014885C

**Pavan Kumar Nath**
Proprietor
M. No. 077997

Date: 6 AUG 2019
Place: Nainital

## नैनीताल प्राणी उद्यान में 31 मार्च 2019 तक हुई आय और व्यय का विवरण :–

**Pandit Govind Ballabh Pant Ucch Sthaliya Prani Udyan Society**
**Upper Danda House, Tallital**
**Nainital, Uttarakhand - 263002**
**Income & Expenditure Account for the year ended 31st Mach 2019**

| Expenditure | Amount (₹) | Income | Amount (₹) |
|---|---|---|---|
| To, | | By, | |
| Opening Stock-Nature Shop | 2,53,725.00 | **Revenue-Own Sources** | |
| **Nainital Zoo** | | Entry Fee -Zoo | 2,41,20,272.00 |
| Fooding Expenses | 32,38,045.00 | Entry Fee-Him Botanical Garden | 19,92,300.00 |
| Repair & Maintenance | 1,31,48,261.00 | Tender Fee | 6,653.00 |
| Remuneration/ Hon. | 42,26,886.00 | Canteen Income | 18,69,853.00 |
| Accounting Charges | 72,000.00 | Other Income | |
| Cleaning of Zoo Premises | 12,36,480.00 | Sariataal Waterfall | 53,54,428.00 |
| Consumable Stores | 43,752.00 | Income from Nature Shop | 2,28,644.00 |
| Travelling Expenses | 5,78,321.00 | **Other Income** | |
| Power, Electricity & Water | 7,81,038.00 | Interest on S.B. A/c | 2,45,734.00 |
| Legal & Professional Fee | 90,750.00 | Interest on Fixed deposits | 6,34,251.00 |
| Fuel Expenses | 8,771.00 | Closing Stock-Nature Shop | 3,20,250.00 |
| Outreach Programme | 13,80,053.00 | | |
| Postage, Telephone & Internet | 43,260.00 | | |
| Printing & Stationary | 6,59,353.00 | **Excess of Expenditure over Income** | 64,72,557.00 |
| Advertisement & Publicity | 97,474.00 | | |
| Bank Charges & Interest | 32,686.00 | | |
| Transp. incl Loading/ Unloading | 96,765.00 | | |
| Vehicle Running & Maint. | 8,26,853.00 | | |
| Tea & Refreshment | 1,51,339.00 | | |
| Rent, Rates & Taxes | 47,176.00 | | |
| Misc. Expenses | 2,78,791.00 | | |
| Project Film Series | 2,30,000.00 | | |
| Staff Welfare | 1,64,499.00 | | |
| Medicines of Animals | 4,43,189.00 | | |
| Zoo Landscape | 3,94,900.00 | | |
| Nature Shop Expenses | 2,78,547.00 | | |
| | | | |
| **Hanuman Gari Eco Park** | 14,00,718.00 | | |
| | | | |
| **Himalayan Botanical Garden** | | | |
| Repair & Maintenance | 68,32,716.00 | | |
| Accounting Charges | 87,080.00 | | |
| Maintenance Charges | 37,000.00 | | |
| Consumable Stores | 12,097.00 | | |
| Fuel Expenses | 13,596.00 | | |
| Flowers for Botnical Garden | 6,63,554.00 | | |
| Outreach Programme | 2,34,489.00 | | |
| Remuneration/ Honorarium | 5,73,831.00 | | |
| Power, Electricity & Water | 75,242.00 | | |
| Printing & Stationary | 1,42,656.00 | | |
| Refreshment | 57,490.00 | | |
| Transportation Exp incl Loading/ Unlo: | 17,700.00 | | |

Pavan Nath & Associates NAINITAL Chartered Accountants

| | | | |
|---|---|---|---|
| **Transit Rescue Centre, Ranibagh** | | | |
| Fooding Expenses | 4,18,670.00 | | |
| Remuneration to staff | 5,67,461.00 | | |
| Animal family Planning Center | 80,424.00 | | |
| Security Guards Room | 1,20,000.00 | | |
| Security Wall Repair | 1,02,000.00 | | |
| Depreciation | 10,05,304.00 | | |
| **Total** | **4,12,44,942.00** | **Total** | **4,12,44,942.00** |
| Notes on accounts are the integral part of the final accounts | | As per our report of even date annexed | |
| | | For & on behalf of | |
| | | **PAVAN NATH & ASSOCIATES** | |
| | | Chartered Accountants | |
| | | ICAI Firm Reg. No 014885C | |
| Date: 6 AUG 2019 | | **Pavan Kumar Nath** | |
| | | Proprietor | |
| Place: Nainital | | M. No. 077997 | |

Pavan Nath & Associates Chartered Accountants NAINITAL

## वन्य प्राणियों के प्रतिदिन की आहार सूची :–

| क्र0 सं0 | वन्य प्राणी | खाद्य सामग्री | मात्रा | | उपवास का दिन |
|---|---|---|---|---|---|
| | | | शीतकाल | ग्रीष्मकाल | |
| **1.** | Peafowl | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, मूंगदाल, धान, सफेद ज्वार | 0.300 ग्रा0 | 0.300 ग्रा0 | – |
| **2.** | White Peafowl | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, मूंगदाल, धान, सफेद ज्वार | 0.300 ग्रा0 | 0.300 ग्रा0 | – |
| **3.** | Cheer Pheasant | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0, अण्डा | – |
| **4.** | Kalij Pheasant | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0, अण्डा | – |
| **5.** | Monal Pheasant | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0, अण्डा | – |
| **6.** | Egyptian Vulture | भैंसा मांस | 0.250 ग्रा0 | 0.250 ग्रा0 | गुरूवार |
| **7.** | Himalayan Black Bear | चावल, गुड़, खीरा, हरा साग, मौसमी फल, भुट्टा, जौ का आटा, चने का आटा, दूध, गाजर | 2.410 कि0ग्रा0 | 2.410 कि0ग्रा0 | – |
| **8.** | Common Palm Civet | भैंसा मांस | 0.250 ग्रा0 | 0.250 ग्रा0 | गुरूवार |
| **9.** | Himalayan Palm Civet | भैंसा मांस | 0.250 ग्रा0 | 0.250 ग्रा0 | गुरूवार |
| **10.** | Leopard (Panther) | भैंसा मांस, मुर्गा, बकरा | 2.500 कि0ग्रा0 | 2.500 कि0ग्रा0 | गुरूवार |
| **11.** | Markhor | चना, चोकर, खली, हरा चारा | 3.300 कि0ग्रा0 | 3.300 कि0ग्रा0 | – |

| | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|
| **12.** | Yellow Throated Marten | भैंसा मांस | 0.250 ग्रा0 | 0.250 ग्रा0 | गुरूवार |
| **13.** | Red Panda | दूध, केला, सेब, शहद, अण्डा, रिंगाल | 5.050 कि0ग्रा0, एक अण्डा | 5.050 कि0ग्रा0, एक अण्डा | — |
| **14.** | Blue Sheep (Bharal) | चना, चोकर, खली, हरा चारा | 3.300 कि0ग्रा0 | 3.300 कि0ग्रा0 | — |
| **15.** | Bangal Tiger | भैंसा मांस, मुर्गा, बकरा | 7.000 कि0ग्रा0 | 7.000 कि0ग्रा0 | गुरूवार |
| **16.** | Tibetan Wolf | भैंसा मांस, मुर्गा, बकरा | 2.500 कि0ग्रा0 | 2.500 कि0ग्रा0 | गुरूवार |
| **17.** | Red Jungle Fowl | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0, अण्डा | — |
| **18.** | Black Kite | भैंसा मांस | 0.250 ग्रा0 | 0.250 ग्रा0 | गुरूवार |
| **19.** | Rose Ring Parakeet | धान, चना, मौसमी फल, हरी मिर्च, मूंगफली, भुट्टा | 0.110 ग्रा0 | 0.110 ग्रा0 | — |
| **20.** | Hill Partidge | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0, अण्डा | — |
| **21.** | Edward Pheasant | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0, अण्डा | — |
| **22.** | Golden Pheasant | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0, अण्डा | — |
| **23.** | Barking Deer (Kakar) | चना, चोकर, खली, हरा चारा | 3.300 कि0ग्रा0 | 3.300 कि0ग्रा0 | — |
| **24.** | Sambar Deer | चना, चोकर, खली, हरा चारा | 11.100 कि0ग्रा0 | 11.100 कि0ग्रा0 | — |
| **25.** | Spotted Deer (Chital) | चना, चोकर, खली, हरा चारा | 3.300 कि0ग्रा0 | 3.300 कि0ग्रा0 | — |
| **26.** | Goral | चना, चोकर, खली, हरा चारा | 3.300 कि0ग्रा0 | 3.300 कि0ग्रा0 | — |
| **27.** | Cockatail | बाजरा | 0.010 ग्रा0 | 0.010 ग्रा0 | — |
| **28.** | Sun Conure | भुट्टा, फल, गेंहू | 0.035 ग्रा0 | 0.035 ग्रा0 | — |
| **29.** | Love Birds | बाजरा | 0.010 ग्रा0 | 0.010 ग्रा0 | — |
| **30.** | Blue & Yellow Macaw | अखरोट, भुट्टा, कबली चना, फल | 0.150 ग्रा0 | 0.150 ग्रा0 | — |
| **31.** | Lady Amherset Pheasant | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0, अण्डा | — |
| **32.** | Silver Pheasant | मुर्गी दाना, बाजरा, हरा साग, टमाटर, प्याज, लौकी, लहसुन, गेहूं, अण्डा | 0.155 ग्रा0 | 0.155 ग्रा0, अण्डा | — |
| **33.** | Budgerigar | बाजरा | 0.010 ग्रा0 | 0.010 ग्रा0 | — |
| **34.** | Brown Wood Owl | भैंसा मांस | 0.250 ग्रा0 | 0.250 ग्रा0 | गुरूवार |

## टीकाकरण एवं स्वास्थ्य सुरक्षा :–

| S. No. | Species | Disease vaccinated for | Name of the Vaccine and dosage/quantity used | Periodicity | Remarks |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | Feline | Calcivirus | Feligen-CRP | Annual | |
| | | Rhinotrachiaitis | Feligen-CRP | Annual | |
| | | Panleucopenia | Feligen-CRP | Annual | |
| | | Rabies | Raksharab | Annual | |
| 2. | Small Carnivores | Rabies | Raksharab | Annual | |
| 3. | Tibetan Wolf | Rabies | Raksharab | Annual | |
| | | Canine-Distemper | Megavac-6 | Annual | |
| | | Canine-ParvoVirus | Megavac-6 | Annual | |
| | | Canine-Contagious Hepatitis Virus | Megavac-6 | Annual | |
| | | Canine Leptospirosis | Megavac-6 | Annual | |
| 4. | Himalayan Black Bear | Rabies | Raksharab | Annual | |
| 5. | Red Panda | Rabies Virus | RVF | Annual | |
| 6. | Harbivores | Foot and mouth Disease | Triovac vaccine | Annual | |
| 7. | Pheasant and Birds | RD, FP | No vaccination used | - | Advice awaited |

## वन्य प्राणियों की कृमिनाशक दवापान सूची :–

| S. No. | Species | Drug used | Month |
|---|---|---|---|
| 1. | Carnivores | Panacur/ Abide Plus/ Av-2/ Eazypet/ Albomar/ Praziplus | Thrice in a year |
| 2. | Omnivores | Panacur/ Abide Plus/ Av-2/ Eazypet/ Albomar/ Praziplus | Thrice in a year |
| 3. | Harbivores | Panacur/ Abide Plus/ Av-2/ Eazypet/ Albomar/ Praziplus/ Nilzan/ Fasinex | Thrice in a year |
| 4. | Pheasant and Birds | Albomar/ Piperazine/ Neomac | Twice in a year |

## कीटाणुशोधन अनुसूची :–

| S. No. | Species | Type of enclosure | Disinfectant used and method | Frequency of disinfection |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Carnivores | Night Shelter | Lizol Solution | Daily |
| | | Drain Pipe etc. | Phinyl Solution | Daily |
| 2. | Omnivores | Night Shelter | Lizol Solution | Daily |
| | | Drain Pipe etc. | Phinyl Solution | Daily |
| 3. | Harbivores | Night Shelter | Lizol Solution | Daily |
| 4. | Pheasant and Birds | Display Enclosure (Mud floor) | Lime dust | Biannual |
| | | | Diluted Formaline Spray | Annual |
| | | Door Step | Lime/Potassium Permangnate Solution | Daily |
| | | Incubator/ Brooding House | Fumigation with formaline + P.P. | As required seasonally |
| **Note** :- Drinking Water and tubs of all species are treated with Bleeching powder to reduced the load of various worms/ parasites. | | | | |

## जूनोटिक बीमारी के लिए कर्मचारियों की स्वास्थ्य जांच :–

| S. No. | Name | Designation | Date of Health check up | Findings of Health checkup |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Dr. Yogesh Bhardwaj | Veterinarian | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 2. | Dr. Himanshu Pangti | Veterinarian | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 3. | Miss Rekha Suyal | Biologist | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 4. | Mr. Vikram Singh Mehra | Pharmacist | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 5. | Mr. Bharat Mashiwal | Pharmacist (Rescue Center) | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 6. | Mr. Puskar Singh Mehra | (Forester) Supervisor | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 7. | Mr. Rajendra Kumar Joshi | (Forester) Supervisor | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 8. | Mr. Mahesh Singh Bora | (Forester) Supervisor | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 9. | Mr. Narendra Singh Bisht | Keeper | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 10. | Mr. Shiv Bahadur | Cook | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 11. | Mr. Tus Bahadur | Food Distributor | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 12. | Mr. Amar Bahadur | Keeper | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 13. | Mr. Naveen Manral | Keeper | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 14. | Mr. Ajay Shri | Keeper | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 15. | Mr. Pratap Ram | Keeper | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 16. | Mr. Yogesh Kumar | Keeper | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 17. | Mr. Sandeep Kumar | Keeper | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |
| 18. | Mr. Prakash Singh Rawat | Keeper | Half Yearly Vaccination ( Tetanus)<br>Annual Antirabies Vaccination | - |

## बाड़ों का समृद्धीकरण (Enrichment) कार्यक्रम :–

- प्राणी उद्यान में स्थित बंगाल टाईगर के बाड़ें में विभिन्न प्रकार के समृद्धीकरण कार्य सम्पन्न किये गये। जिसके अन्तर्गत बाडें में वुडन लॉग एवं विभिन्न आकृति के पत्थरों को डाला गया। साथ ही पानी पीने एवं उसमें खेलने हेतु पॉण्ड के आकार को विस्तृत किया गया।

- सभी गुलदार के बाडों में उनके बैठने एवं आराम करने हेतु विभिन्न प्रकार के पर्च एवं मचानों का निर्माण किया गया। साथ ही वन्य प्राणियों को प्राकृतिक वास देने हेतु इनमें विभिन्न प्रकार की घासों का रोपण किया गया।
- रेड पाण्डा के संरक्षण–संवर्द्धन एवं प्रजनन कार्यक्रम में नैनीताल प्राणी उद्यान दार्जिलिंग प्राणी उद्यान का **"Partricipatry Zoo"**है। इसी क्रम में भविष्य हेतु रेड पाण्डा के सफल प्रजनन एवं संरक्षण हेतु प्राणी उद्यान के अर्न्तगत **"ब्रीडिंग एवं कंजरवेशन सेन्टर"** के निर्माण का कार्य किया गया था। वर्ष 2018–19 में समृद्धीकरण की दृष्टि से नवनिर्मित बाडें में नेस्ट हाउस, मचान, पर्च एवं एरियल पाथ का निर्माण एवं बांस प्रजाति के रिंगाल का रोपण किया गया।
- प्राणी उद्यान में विद्यमान जुगाली करने वाले वन्य प्राणियों जैसे– ब्लू शीप, मारखोर, काकड़, घुरल, सांभर आदि के लिए दिये जाने वाले खाद्य जैसे घास को वृक्षों की टहनियों एवं कृत्रिम रूप से बनाये गये मचानों में रखा जाना सुनिश्चित किया गया। जिससे की वन्य प्राणियों में उनका प्राकृतिक स्वभाव नियत रहे।
- प्राणी उद्यान में विद्यमान विभिन्न प्रकार की फीजैन्ट एवं अन्य पक्षी प्रजातियों हेतु विभिन्न प्रकार के पर्च, झूले, सीढ़ियां, लकडी के लॉग, सैन्ड बाथ एवं विभिन्न प्रकार की हरी झाडियों को अवस्थापित किया गया।

## शिक्षा एवं जागरूकता कार्यक्रम :–

नियत समयान्तराल पर प्राणी उद्यान द्वारा अनेक प्रकार के प्रशिक्षण कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें राष्ट्रीय एवं अर्न्तराष्ट्रीय स्तर के प्रशिक्षु कुशल एवं अनुभवी प्रशिक्षकों तथा अधिकारियों के मार्ग निर्देशन में प्रशिक्षण प्राप्त करते हैं। अनुसंधान के क्षेत्र में भी नैनीताल प्राणी उद्यान महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है तथा देश एवं विदेशों के विभिन्न विश्वविद्यालयों एवं संस्थानों के शोधार्थी वन्य जीवों पर शोध कार्य हेतु प्राणी उद्यान में आते हैं।

दिनांक 19.04.2018 को तमिलनाडु राज्य के 42+06 वन रेंजर प्रशिक्षणार्थियों के दल को प्राणी उद्यान का निःशुल्क भ्रमण कराया गया तथा श्री प्रकाश चन्द्र जोशी, वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान, श्रीमती ममता चन्द, वन क्षेत्राधिकारी, नैंना रेंज व बायोलॉजिस्ट श्रीमती रेखा सुयाल द्वारा वन्य जीव जैव विविधता एवं मानव वन्य जीव संघर्ष तथा प्राणी उद्यान के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी।

दिनांक 21.04.2018 को कृषि विश्वविद्यालय, पन्तनगर से आये 55+02 पशु चिकित्सा प्रशिक्षणार्थियों के दल को प्राणी उद्यान का निःशुल्क भ्रमण कराया गया। उक्त प्रशिक्षणार्थियों को प्राणी उद्यान के वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी डॉ0 योगेश भारद्वाज तथा बायोलॉजिस्ट श्रीमती रेखा सुयाल द्वारा वन्य जीव जैव विविधता एवं मानव वन्य जीव संघर्ष तथा प्राणी उद्यान के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी।

दिनांक 27.04.2018 से 29.04.2018 तक बौटेनिकल गार्डन, नारायणनगर में तीन दिवसीय बर्ड वाचिंग कार्यशाला का शुभारम्भ किया गया। जिसमें विभिन्न संस्थान द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता एवं क्विज प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया।

दिनांक 16.05.2018 को कर्नाटक के वन क्षेत्राधिकारी 45+02 प्रशिक्षणार्थियों के दल को प्राणी उद्यान का निःशुल्क भ्रमण कराया गया। उक्त प्रशिक्षणार्थियों को प्राणी उद्यान के वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी डॉ0 योगेश भारद्वाज तथा प्रकाश चन्द्र जोशी, वन क्षेत्राधिकारी, प्राणी उद्यान द्वारा वन्य जीव जैव विविधता एवं मानव वन्य जीव संघर्ष तथा प्राणी उद्यान के सम्बन्ध में विस्तार से जानकारी दी गयी।

**इसके अतिरिक्त समय–समय पर अति महत्त्वपूर्ण गणमान्य अतिथिगणों द्वारा प्राणी उद्यान, नैनीताल का भ्रमण किया जाता है।**

## महत्वपूर्ण आयोजित कार्यक्रम (Outreach Programme) कार्यक्रम :–

जनसाधारण में वन्य जीवों के प्रति स्नेह एवं जागरूकता उत्पन्न करने के उद्देश्य से नैनीताल प्राणी उद्यान में विशेष अवसरों जैसे– विश्व पर्यावरण दिवस, ओजोन परत संरक्षण दिवस एवं वन्य जीव सप्ताह पर विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता है। जिसमें नैनीताल एवं नजदीकी क्षेत्रों के विद्यालयों एवं संस्थानों के छात्र–छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया जाता है।

## पर्यावरण दिवस (05 जून, 2018) :–

दिनांक 05.06.2018 को प्राणी उद्यान, नैनीताल में पर्यावरण दिवस के अवसर पर विभिन्न विद्यालयों से आये 146 विद्यार्थियों द्वारा चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। चित्रकला प्रतियोगिता तीन वर्गो में आयोजित की गयी। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि श्री पूरन सिंह रावत, आई0जी0 पुलिस, कार्यक्रम के विशिष्ठ अतिथि डॉ0 तेजस्वनी अरविन्द पाटिल, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, नैनीताल व श्री बीजू लाल टी0आर0, निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। मुख्य अतिथि एवं विशिष्ठ अतिथि द्वारा वाहनों को हरी झण्डी दिखाकर विभिन्न स्थानों के लिए नैनीताल वन प्रभाग व भूमि संरक्षण वन प्रभाग के 08 टीमों के वाहनों को कूड़ा एकत्रित करने हेतु रवाना किया गया। दर्पण समिति द्वारा नुक्कड़ नाटक के माध्यम से पर्यावरण संरक्षण एवं वनों की सुरक्षा पर नाटक का मंचन किया गया। प्राणी उद्यान में 350 बच्चों को निःशुल्क भ्रमण कराया गया।

## योग दिवस (21 जून, 2018) :–

दिनांक 21.06.2018 को प्राणी उद्यान, नैनीताल में अर्न्तराष्ट्रीय योग दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल एवं तहसीलदार नैनीताल द्वारा दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम का मुख्य बिन्दु **वन योग** था। श्री बीजू लाल टी0आर0, निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा उपस्थित अधिकारियों/कर्मचारियों को योग प्रशिक्षण दिया गया।

## अन्तर्राष्ट्रीय ओजोन परत संरक्षण दिवस (16 सितम्बर 2018) :–

दिनांक 16.09.2018 को प्राणी उद्यान, नैनीताल में ओजोन परत दिवस के अवसर पर क्विज एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 136 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। उक्त कार्यक्रम में जैव विविधता 22 मई, 2018, विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून, 2018 को आयोजित चित्रकला प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों तथा ओजोन परत दिवस के क्विज व भाषण प्रतियोगिता के विजयी प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया। प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा 55 बच्चों को निःशुल्क प्रवेश दिया गया।

## वन्य प्राणी सप्ताह 2018 (01 से 08 अक्टूबर, 2018) :–

दिनांक 01.10.2018 को वन्य प्राणी सप्ताह के प्रथम दिन मल्लीताल फ्लैट मैदान से रैली का शुभारम्भ किया गया। कार्यक्रम के प्रथम सत्र में मा0 मुख्य अतिथि आयुक्त कुमाऊँ, श्री राजीव रौतेला के द्वारा स्कूली विद्यार्थियों को सम्बोधित करते हुए वन्य प्राणियों की सुरक्षा हेतु शपथ दिलवाई गयी। एवं दर्पण समिति, अल्मोडा के द्वारा वन्य जीवों के संरक्षण के प्रति जागरूकता का सन्देश देते हुए नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। इस अवसर पर विभिन्न स्कूलों के नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा विभिन्न वन्य प्राणियों के वेश बनाकर एवं हाथों पर वन्य जीवों के संरक्षण से सम्बन्धित सन्देश लिखी हुई तख्तियां थामें हुए थे। नैनीताल वन प्रभाग के द्वारा वन्य जीवन पर आधारित झांकी का भी प्रदर्शन किया गया।

दिनांक 02.10.2018 को वन्य प्राणी सप्ताह 2018 के द्वितीय दिन वाद विवाद प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता का विषय आधुनिक युग में महात्मा गांधीजी के विचारों की सार्थकता रहा तथा महात्मा गांधीजी पर आधारित लघु फिल्म का प्रदर्शन किया गया।

दिनांक 03.10.2018 को वन्य प्राणी सप्ताह 2018 के तृतीय दिन चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ प्रभागीय वनाधिकारी, नैनीताल/निदेशक, प्राणी उद्यान, नैनीताल, श्री बीजूलाल टी0आर0 द्वारा किया गया एवं कार्यक्रम का संचालन डॉ0 योगेश भारद्वाज, वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा किया गया। चित्रकला कार्यक्रम में तीन वर्गो में चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें विभिन्न विद्यालयों के 150 विद्याार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। विद्यार्थियों को सम्बन्धित वन्य प्राणी के बाडें के सामने बैठकर उसका चित्र बनाने हेतु विषय दिया गया था। इसके अतिरिक्त अभिभावकों के साथ आये हुये 53 विभिन्न विद्यालयों के इच्छुक बच्चों के द्वारा भी चित्रकला प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया।

दिनांक 04.10.2018 को वन्य प्राणी सप्ताह 2018 को हिमालयन बोटैनिकल गार्डन के अन्र्तगत सांस्कृतिक कार्यक्रम किया गया जिसमें 425 विद्यार्थी, विभागीय कर्मचारियों एवं ग्रामीणों द्वारा प्रतिभाग किया गया।

दिनांक 05.10.2018 को वन्य प्राणी सप्ताह 2018 में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 24 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। क्विज प्रतियोगिता दो चरणों में करायी गयी। प्रथम चरण में विभिन्न विद्यालयों से आये प्रतिभागियों को वस्तुनिष्ठ प्रश्न पत्र दिया गया। प्रथम चरण में उत्तीर्ण सर्वश्रेष्ठ 06 विद्यालयों के प्रतिभागियों को द्वितीय चरण में प्रवेश दिया गया। जिसमें प्रतिभागियों को प्रोजेक्टर में प्रश्नों को देखकर उत्तर देना था।

दिनांक 06.10.2018 को वन्य प्राणी सप्ताह 2018 में फैन्सी ड्रैस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। फैन्सी ड्रैस प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के 50 विद्यार्थियों द्वारा प्रतिभाग किया गया। फैन्सी ड्रैस प्रतियोगिता में बच्चों द्वारा अलग–अलग वन्य प्राणियों के भेष धारण कर प्रतिभाग किया गया।

दिनांक 07.10.2018 को वन्य प्राणी सप्ताह 2018 के अवसर पर प्राणी उद्यान, नैनीताल में डी0एस0बी0 परिसर, नैनीताल के छात्र/छात्राओं के द्वारा ग्रैफिटी (वॉल पेंन्टिग) प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया गया। जिसमें छात्र/छात्राओं के द्वारा प्राणी उद्यान की दीवारों पर वन्य जीवन को दर्शाते हुए चित्रों को उकेरा गया तथा वन्य प्राणियों के संरक्षण हेतु संकल्प लेते हुए हस्ताक्षर अभियान चलाया गया।

दिनांक 08.10.2018 को वन्य प्राणी सप्ताह 2018 के अवसर पर प्राणी उद्यान, नैनीताल के सभागार में समापन समारोह का आयोजन किया गया। जिसके मुख्य अतिथि श्री पूरन सिंह रावत, आई0जी0 कुमाऊँ, विशिष्ट अतिथि श्री अनूप साह, प्रसिद्ध छायाकार एवं डॉ0 तेजस्वनी अरविन्द पाटिल, वन संरक्षक, दक्षिणी कुमाऊँ वृत्त, उत्तराखण्ड, नैनीताल रहे। कार्यक्रम का संचालन डॉ0 योगेश भारद्वाज, वरिष्ठ पशुचिकित्साधिकारी, प्राणी उद्यान, नैनीताल तथा कु0 तनुजा परिहार, वन क्षेत्राधिकारी, कोसी वन क्षेत्र, नैनीताल वन प्रभाग, नैनीताल द्वारा किया गया। कार्यक्रम में दर्पण समिति, अल्मोड़ा के द्वारा वन्य जीव संरक्षण पर आधारित नृत्य नाटिका प्रस्तुत की गयी। डी0एस0बी0 परिसर के छात्र/छात्राओं द्वारा वन्य जीव संरक्षण पर नुक्कड नाटक प्रस्तुत किया गया तथा वसन्त वैली स्कूल, नैनीताल की छात्राओं के द्वारा स्वच्छ भारत अभियान पर नृत्य नाटिका की प्रस्तुति दी गयी।

वन्य प्राणी सप्ताह के अवसर पर 3274 बच्चों को प्राणी उद्यान, नैनीताल में निःशुल्क प्रवेश दिया गया।

## वन्य प्राणियों के रखरखाव के लिए ऋतुवार विशेष व्यवस्था :–

प्राणी उद्यान में वन्य प्राणियों को सीमित स्थान वाले बाड़ों में रखा गया हैं। इसलिए वन्य प्राणियों के बाड़ों को उनके प्राकृत आवास के अनुरूप तथा स्वच्छंद विचरण के अनुकूल बनाने हेतु बाड़ों में लकड़ी के पर्च, बांस/रिंगाल के झूले, मचान, लकड़ी के छोटे–बड़े टुकडे, छिपने हेतु झाड़ियां एवं झोपडियों आदि को समायोजित किया गया। इसके अतिरिक्त वन्य प्राणियों की गतिविधियों को बढ़ाने हेतु उनके आहार में अंकुरित बीज, फलों व अन्य खाद्य–पदार्थो को बाड़े के भीतर विभिन्न स्थानों पर रखा जाता हैं। विभिन्न

ऋतुओं के दृष्टिगत वन्य प्राणियों को प्रोटीन एवं ऊर्जा प्रदान करने के उद्देश्य से उनके दैनिक आहार में खाद्य पूरकों का भी समावेश विभिन्न विधियों द्वारा किया जाता है।

## शोध कार्य :–

वन्य प्राणियों के संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रजनन कार्यो में शोध कार्य का विशेष महत्व है। शिक्षा एवं अध्ययन कार्यो में भी शोध कार्य एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। प्राणी उद्यान, नैनीताल देश एवं विदेशों के प्रख्यात विश्वविद्यालय एवं संस्थानों से आये हुए विभिन्न विधाओं के शोधार्थियों को मुख्यतः उच्च स्थलीय वन्य प्राणियों से सम्बन्धित विभिन्न विषयों पर शोध कार्य करने हेतु एक उपयुक्त स्थान एवं वातावरण प्रदान करता है। विगत वर्षो में प्राणी उद्यान, नैनीताल द्वारा भारतीय पशु चिकित्सा अनुसंधान संस्थान, इज्जतनगर, बरेली, भारतीय वन्य जीव संस्थान, देहरादून, विभिन्न भारतीय वन्य जीव, पशु चिकित्सा संस्थान, कुमाऊँ विश्वविद्यालय एवं विदेशों से आने वाले शोधार्थियों को शोध कार्य में भी सहायता प्रदान की जाती है।

## संरक्षण एवं प्रजनन कार्यक्रम :–

विभिन्न वन्य प्राणियों के संरक्षण, संवर्द्धन एवं प्रजनन कार्य किसी भी प्राणी उद्यान का एक अत्यन्त महत्वपूर्ण कार्य है। प्राणी उद्यान, नैनीताल में भी विभिन्न विदेशी एवं स्वदेशी अनूसूचित/विलुप्त प्रायः वन्य प्राणियों में प्रजनन कार्य सफलतापूर्वक संचालित किया जा रहा है। उक्त प्रजनन कार्य विशेषतः स्तनपायी वन्य जीव जैसे रेड पाण्डा, ब्लू शीप, काकड़, हिमालयन घुरल तथा पक्षियों में भारतीय मोर, कलीज, चीर फीजैन्ट, रेड जंगल फाउल तथा विदेशी नस्लों में गोल्डन फीजैन्ट, सिल्वर फीजैन्ट, लेडी एमहर्स्ट इत्यादि में संचालित किया जा रहा है।

## वन्य प्राणियों का विनिमयकरण :–

वर्ष 2018–19 में नैनीताल प्राणी उद्यान द्वारा किसी भी वन्य प्राणी का विनिमय नहीं किया गया।

## वन्य प्राणियों का बचाव एवं पुर्नवास :–

| S. No. | Date of Rescue | Species With number of animals rescued with their sex (M:F:U:T) | Received from | Date of Submission of Report to the CWLW/CZA | Action Taken | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | | Date and Place of rehabilitation in their habitat | Reasons for Housing in the zoo, if not released in their habitat |
| 1- | 26.04.2018 | Hill Partridge (0:0:1:1) | Nagar palika range, Nainital | - | Released into the wild on 30.04.2018 | - |
| 2- | 25.06.2018 | Leopard (1:0:0:1) | Jeolikote, Nainital | - | Sent to Ranibagh | - |

| | | | | | Rescue Center | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 3- | 30.01.2019 | Himalayan Griffon (0:0:1) | Khurpatal, Nainital | - | Released into the wild on 15.02.2019 | - |
| 4- | 03.02.2019 | Himalayan Langoor (1:0:0:0) | High court Uttarakhand, Nainital | - | Released into the wild on 05.02.2019 | - |

## वन्य प्राणियों की सूची 2018–19

नैनीताल प्राणी उद्यान के वन्य प्राणियों की वार्षिक सूची निम्न प्रकार हैः–

**Part A**

Endargered Species

| S. No. | Animal name | Opening stock | | | | Birth | | | Acquisition | | | Disposal | | | Deaths | | | Closing stock | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | M | F | U | T | M | F | U | M | F | U | M | F | U | M | F | U | M | F | U | T |
| 1. | Peafowl | 2 | 2 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 4 |
| 2. | White Peafowl | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 3. | Cheer Pheasant | 5 | 5 | 0 | 10 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 5 | 5 | 0 | 10 |
| 4. | Kalij Pheasant | 8 | 4 | 0 | 12 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 4 | 0 | 12 |
| 5. | Monal Pheasant | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 6. | Egyptian Vulture | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 7. | Himalayan Black Bear | 1 | 3 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 4 |
| 8. | Common Palm Civet | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 9. | Himalayan Palm Civet | 3 | 1 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 4 |
| 10. | Leopard (Panther) | 5 | 3 | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 5 | 3 | 0 | 8 |
| 11. | Markhor | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 12. | Yellow Throated Marten | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 13. | Red Panda | 3 | 3 | 0 | 6 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 14. | Blue Sheep (Bharal) | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 15. | Bangal Tiger | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 16. | Tibetan Wolf | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| | **Total (A)** | **33** | **27** | **1** | **61** | **0** | **0** | **1** | **1** | **1** | **0** | **0** | **0** | **0** | **2** | **1** | **0** | **32** | **27** | **2** | **61** |

Animal under Schedule I and Schedule II of the Wild Life(Protection) Act, 1972

**Part B**

Other than Endargered Species

| S. No. | Animal name | Opening stock | | | | Birth | | | Acquisition | | | Disposal | | | Deaths | | | Closing stock | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | M | F | U | T | M | F | U | M | F | U | M | F | U | M | F | U | M | F | U | T |
| 17. | Red Jungle Fowl | 8 | 5 | 0 | 13 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 8 | 5 | 0 | 13 |
| 18. | Black Kite | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 |
| 19. | Rose Ring Parakeet | 13 | 9 | 0 | 22 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 13 | 9 | 0 | 22 |
| 20. | Hill Partidge | 0 | 0 | 2 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 2 | 2 |
| 21. | Edward Pheasant | 1 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 |
| 22. | Golden Pheasant | 8 | 3 | 0 | 11 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 7 | 3 | 0 | 10 |
| 23. | Barking Deer (Kakar) | 3 | 3 | 0 | 6 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| 24. | Sambar Deer | 2 | 3 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 1 | 3 | 0 | 4 |
| 25. | Spotted Deer (Chital) | 1 | 1 | 0 | 2 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 2 |
| 26. | Goral | 3 | 2 | 0 | 5 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 2 | 0 | 5 |
| 27. | Cockatail | 17 | 16 | 0 | 33 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 17 | 15 | 0 | 32 |
| 28. | Sun Conure | 3 | 1 | 0 | 4 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 3 | 1 | 0 | 4 |
| 29. | Love Birds | 19 | 19 | 2 | 40 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 19 | 19 | 2 | 40 |

| | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 30. | Blue & Yellow Macaw | 0 | 1 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 1 |
| 31. | Lady Amherset Pheasant | 6 | 8 | 0 | 14 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 8 | 0 | 14 |
| 32. | Silver Pheasant | 4 | 4 | 0 | 8 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 4 | 4 | 0 | 8 |
| 33. | Budgerigar | 0 | 0 | 6 | 6 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 6 | 6 |
| 34. | Brown Wood Owl | 0 | 0 | 1 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 0 | 1 | 0 | 0 | 0 | 0 |
| | **Total (B)** | **88** | **75** | **12** | **175** | **1** | **1** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **0** | **2** | **1** | **1** | **87** | **75** | **11** | **173** |
| | **Total (A+B)** | **121** | **102** | **13** | **236** | **1** | **1** | **1** | **1** | **1** | **0** | **0** | **0** | **0** | **4** | **2** | **1** | **119** | **102** | **13** | **234** |

## वन्य प्राणियों की मृत्यु दर :–

| S.No. | Animal Name Date of | Sex | Date of Death | Reason of Death |
|---|---|---|---|---|
| 1. | Brown Wood Owl | M | 29-April-2018 | Died due to “Senile atrophy” |
| 2. | Leopard (Panther) | M | 30-Jun-2018 | Died due to “Senility with cardiac Arrest” |
| 3. | Red Panda | M | 12-Aug-2018 | Died due to “Senility with multiple organ failure” |
| 4. | Leopard (Panther) | F | 01-Nov-2018 | Died due to “Asphyxia” Developed with Chronic Respiratory infection” |
| 5. | Golden Pheasant | M | 26-Jan-2019 | Deer died due to “Senile Atrophy” |
| 6. | Cocktail | F | 20-Feb-2019 | Died due to “Excessive pain and shock” |
| 7. | Sambar | M | 13-March-2019 | Died due to “Senile atrophy” |

## प्राणी उद्यान में मुक्त विचरण करने वाले वन्य प्राणियों की सूची :–

A. Monkey, Langur, Yellow throated marten, Himalayan palm civet, Leopard cat etc.
B. House Sparrow, Black-throated Tit, Common Myna, Rock pigeon, Red billed blue magpai, Jay species, Himalayan griffin, Black kite, Steppe eagle, Crow, Kalij Pheasant etc.
C. Common rat snake and various species of lizards.




सम्पर्कः—

कार्यालय निदेशक, जी0बी0 पन्त, उच्च स्थलीय प्राणी उद्यान नैनीताल, उत्तराखण्ड —263002

**Phone:- 05942-297927 Website:- www.nainitalzoo.org.in**
**E-mail:– nainitalzoouk@gmail.com**